pan>

Title: Issue regarding illicit trafficking of liquor on Chhattisgarh-Odisha Border.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरा लोक सभा क्षेत्र छत्तीसगढ़-ओडिशा की सीमा से लगा हुआ है। वहाँ भारी मात्रा में नशीली पदार्थ, कच्ची शराब और गांजा की तस्करी निकटवर्ती गाँव में हो रही है। हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार नशाबंदी की बात कहती है, लेकिन गाँव-गाँव, गली-मुहल्ले में ओडिशा से कच्चे शराब आकर बिक रही हैं। इससे हमारी युवा पीढ़ी नशे की हालत में आकर बर्बाद हो रही है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के महासमुन्द जिले के अरण, नरा, बुंदेली, गरबेड़ा में महिला समूह की बहनें नशाबंदी के लिए काम कर रही हैं। लेकिन, पुलिस प्रशासन के द्वारा उनको पर्याप्त सहयोग न करके उनके लोगों को झूठे मामलों में फँसाया जा रहा है। वे असहाय महसूस करती हैं। वहाँ पर काफी महिला समूह हैं।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ कि वहाँ महिला बहनें जो नशाबंदी के लिए काम कर रही हैं, छत्तीसगढ़ सरकार को आदेशित करें कि महिला टीम उनके सहयोग के लिए बनायी जाए। उनको महिला पुलिस सहयोग करे और छत्तीसगढ़ को नशे से मुक्ति दिलाई जाए।